

नवभारत
भोपाल, बुधवार 1 जुलाई, 2026

# गोकुल धाम कॉलोनी के रहवासियों का चक्काजाम

**खास बातें**

- बिजली, पानी और सड़क नहीं मिलने से नाराज लोगों ने ईदगाह चौराहे पर किया प्रदर्शन
- प्रशासन पर अनदेखी का आरोप





नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 जून, शहर की गोकुल धाम कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे ईदगाह चौराहे पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शनकारियों ने कॉलोनी में बिजली, पेयजल और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने का आरोप लगाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की. कुछ देर तक चले चक्काजाम के कारण मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा. सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया.प्रदर्शन कर रहे रहवासियों का कहना था कि वे पिछले तीन महीने से अपनी समस्याओं को लेकर नगर पालिका, बिजली विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उनका आरोप है कि कॉलोनी में न तो नियमित बिजली की व्यवस्था है, न ही पेयजल की समुचित सुविधा और सड़कें भी बदहाल स्थिति में हैं.बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं, जिससे लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है. रहवासियों ने कॉलोनी विकसित करने वाले लोगों पर भी गंभीर आरोप लगाए.उनका कहना है कि जब वे मूलभूत सुविधाओं की मांग करते हैं या प्रशासन के पास शिकायत लेकर जाते हैं, तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है.प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शिकायत करने पर उनके मकान तोड़ने तक की धमकी दी जाती है, जिससे कॉलोनी के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है. उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसीलदार निधि लोधी मौके पर पहुंचीं और रहवासियों से चर्चा की.उन्होंने बताया कि हाल ही में कॉलोनी में एक बच्चे को करंट लगने की घटना सामने आई थी. इसी के चलते सुरक्षा की दृष्टि से एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कराई गई थी, ताकि किसी अन्य प्रकार की दुर्घटना न हो. उन्होंने कहा कि प्रशासन लोगों की समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा. तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि बिजली, पानी और सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ, लेकिन रहवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

## 25 साल से अंधेरे में वार्ड-1, स्ट्रीट लाइट के लिए फिर पहुंची जनता जनसुनवाई में

शहर के वार्ड 1 स्थित वाटर बॉक्स रोड के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में शामिल हुए और वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की. सबसे बड़ी समस्या क्षेत्र में पिछले करीब 25 वर्षों से स्ट्रीट लाइट नहीं होने की बताई गई, जिससे शाम ढलते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है. रहवासियों ने बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व क्षेत्र में शराबखोरी और अन्य गतिविधियों को अंजाम देते हैं. इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में भय का माहौल बना रहता है. रात के समय लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग कई बार नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने केवल स्ट्रीट लाइट ही नहीं, बल्कि नालियों और पानी निकासी की बदहाल व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं और आवागमन प्रभावित होता है. कई बार गंदा पानी घरों के आसपास तक पहुंच जाता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. रहवासियों ने प्रशासन से मांग की कि वार्ड-1 में शीघ्र स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं, नालियों का निर्माण एवं मरम्मत कराई जाए तथा पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

# मूंग खरीदी में देरी से बिचौलियों को फायदा पहुंचा रही सरकार-रघुवंशी

- 6 जुलाई से हल्ला बोल आंदोलन की चेतावनी
- कांग्रेस ने तत्काल खरीदी शुरू करने की मांग उठाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 जून, समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में हो रही देरी को लेकर जिला कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि खरीदी प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और इसका सीधा लाभ बिचौलियों को मिल रहा है.**उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 6 जुलाई से मूंग खरीदी शुरू नहीं हुई तो कांग्रेस जिलेभर में हल्ला बोल आंदोलन शुरू करेगी.मोहित रघुवंशी ने कहा कि सरकार खरीदी केंद्र शुरू करने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश केंद्रों पर न तो पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं और न ही खरीदी शुरू हो सकी है. इसके कारण किसान अपनी उपज लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं, जबकि खुले बाजार में उन्हें समर्थन मूल्य से कम कीमत पर फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.उन्होंने आरोप लगाया कि खरीदी में जानबूझकर की जा रही देरी से सरकार अप्रत्यक्ष रूप से बिचौलियों को फायदा पहुंचा रही है. इससे किसानों का सरकार पर भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है.जिला कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित कर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी बिना किसी देरी के शुरू की जाए.मोहित रघुवंशी ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो 6 जुलाई से तहसील और जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी और किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देगी.

## विदिशा मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई अत्याधुनिक फेको सर्जरी

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक फेको तकनीक से मोतियाबिंद सर्जरी की शुरुआत हो गई है. नेत्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस.सी.एल. चन्द्रवंशी ने इस तकनीक से पहले मरीज का सफल ऑपरेशन किया. आयुष्मान फंड से अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम के प्रयासों से स्थापित फेको मशीन के माध्यम से अब विदिशा और आसपास के मरीजों को मोतियाबिंद के उन्नत उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा. फेको तकनीक में छोटे चीरे के माध्यम से अल्ट्रासोनिक तरंगों से मोतियाबिंद हटाकर कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपित किया जाता है, जिससे ऑपरेशन सुरक्षित, सटीक और कम समय में पूरा होता है.

# महामना एक्सप्रेस का समय बदला बीना-भोपाल मुसाफिरों को राहत

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गाड़ी क्रमांक 22163/22164 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस की प्रस्तावित नई समय-सारिणी से बीना-भोपाल रेलखंड के हजारों दैनिक यात्रियों को बेहतर और समयानुकूल रेल सुविधा मिलने की उम्मीद है.रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन ने इस निर्णय को यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत बताया. कमलेश सेन ने बताया कि प्रस्तावित नई समय-सारिणी के अनुसार महामना एक्सप्रेस खजुराहो से सुबह 4.50 बजे रवाना होकर 11.20 बजे भोपाल पहुंचेगी, जबकि भोपाल से शाम 7.45 बजे प्रस्थान कर रात 3.30 बजे खजुराहो पहुंचेगी. उन्होंने कहा कि इस बदलाव का लाभ केवल खजुराहो क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बीना, मंडी बामोरा, गंजबासौदा, विदिशा तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को भी मिलेगा. उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बीना- भोपाल रेलखंड के दैनिक यात्रियों को अब 22161 राज्यरानी एक्सप्रेस के अलावा भोपाल जाने के लिए एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा. इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा अन्य यात्रियों के आवागमन में काफी सुविधा होगी. कमलेश सेन ने कहा कि बीना-भोपाल रेलखंड के यात्री लंबे समय से राज्यरानी एक्सप्रेस के समय परिवर्तन और अतिरिक्त कोच की मांग भी करते रहे हैं. उनका कहना है कि महामना एक्सप्रेस की समय-सारिणी में प्रस्तावित बदलाव से यात्रियों का विश्वास बढ़ा है.

## डाईट केंद्र का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने मंगलवार को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयीन अभिलेख, प्रशिक्षण कक्ष, छात्रावास, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई.निरीक्षण में दो कर्मचारी अवकाश पर पाए गए. सीईओ ने अधिकारियों को कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए. उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, छात्रावास और प्रशिक्षण कक्षों की व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया.

# एसएटीआई में साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप का समापन

**30 विद्यार्थियों को मिले प्रमाण-पत्र**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एसएटीआई के साइबर सिक्योरिटी एवं आईओटी विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय फंडामेंटल्स ऑफ कंप्यूटर प्रोग्रामिंग एंड साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप 15 से 30 जून का समापन समारोह आयोजित किया गया. समापन अवसर पर 30 प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. शिल्पा दातार ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दातार उपस्थित रहे. इस अवसर पर प्रो. सुनील जोशी भी मौजूद रहे. मुख्य अतिथि डॉ. वाईके जैन ने इंटर्नशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं संकाय सदस्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अर्जित ज्ञान का व्यावहारिक जीवन में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष दातार ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान डिजिटल युग में साइबर जागरूकता और सुरक्षित तकनीकी व्यवहार के महत्व को रेखांकित किया. विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा दातार ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप के प्रत्येक सत्र की जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है. समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इंटर्नशिप से उन्हें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान, नई तकनीकों की समझ तथा भविष्य के करियर के लिए उपयोगी कौशल प्राप्त हुए. कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पा दातार के मार्गदर्शन में सह-समन्वयक प्रो. दीपक सैनी, प्रो. शिवांगी जैन एवं प्रो. स्वाति सोनी ने किया. इस अवसर पर प्रो. अनुषा लाहोटी, प्रो. निमिषा भंडारी, प्रो. डॉली पंथी, प्रो. नेहा जैन, जीतेन्द्र रघुवंशी एवं मुकेश विश्वकर्मा सहित संस्थान के फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे.

## रानू रघुवंशी का कलेक्टर ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को गंजबासौदा विकासखंड के ग्राम सींगाखेड़ी की प्रतिभाशाली छात्रा रानू रघुवंशी का बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में चयन होने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर उन्होंने रानू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की.कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी सफलताएं हासिल कर सकती हैं. उन्होंने रानू रघुवंशी से अपने अनुभव अन्य छात्राओं के साथ साझा करने और गांव व आसपास की बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि ऐसी सफलताएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ अन्य युवाओं का भी आत्मविश्वास बढ़ाती हैं.रानू रघुवंशी की इस उपलब्धि से ग्राम सींगाखेड़ी सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है.

# गुन्नोठा के किसानों ने निकाली मौन रैली, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**विदिशा. तहसील ग्यारसपुर के ग्राम गुन्नोठा के किसानों ने मंगलवार को अपनी कृषि भूमि से जुड़े विवाद के समाधान की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में मौन रैली निकालकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. रैली की शुरुआत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई.**

इस दौरान पूर्व महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सुभाष बोहत, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष वैभव (चीनू) भारद्वाज, बलराम सिंह दांगी, कमलेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन और किसान मौजूद रहे.इसके बाद किसान गांधी चौक पहुंचे, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सांकेतिक धरना दिया. बाद में सभी किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा खेती पर रोक लगाए जाने से कई किसान परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. किसानों ने मांग की कि भूमि विवाद की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक खेती करने की अनुमति दी जाए तथा राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम से मौके का निरीक्षण कराकर समस्या का शीघ्र और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए. किसानों ने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं और प्रशासन से न्याय की उम्मीद करते हैं.

# 800 वर्ष प्राचीन बावड़ी में हुआ श्रमदान पूजन के साथ मनाया गया बावड़ी उत्सव

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विदिशा. जल गंगा मिशन के समापन कार्यक्रम के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विदिशा द्वारा खामखेड़ा बालाजी सेवा समिति के माध्यम से खामखेड़ा सेक्टर के ग्राम खामखेड़ा में स्थित लगभग 800 वर्ष प्राचीन बावड़ी पर श्रमदान, पूजन एवं बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया.ग्राम की ऐतिहासिक बावड़ी में वर्षभर पर्याप्त मात्रा में पानी रहता है, लेकिन लंबे समय से उसमें कचरा जमा होने के कारण उसकी साफ-सफाई की आवश्यकता थी. समिति एवं ग्रामवासियों ने सामूहिक श्रमदान कर बावड़ी की सफाई की और जल संरक्षण का संदेश दिया.श्रमदान के उपरांत मंगलवार को प्रात: 10 बजे बावड़ी पूजन एवं बावड़ी उत्सव आयोजित किया गया. ग्राम के वरिष्ठ शास्त्री पंडित श्री रामनारायण शास्त्री एवं कथावाचक पंडित श्री आशीष व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बावड़ी का विधिवत पूजन कराया तथा क्षेत्र में अच्छी वर्षा और समृद्धि की कामना की.कार्यक्रम के बाद उपस्थित ग्रामीणों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई.इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश बघेल, समिति अध्यक्ष श्री बघेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता रैकवार, हेमराज बघेल, बटनलाल अहिरवार, श्रीमती मुन्नीबाई अहिरवार, उपसरपंच ईश्वर सिंह बघेल, रामराज बघेल, रामसिंह बघेल, थान सिंह अहिरवार मौजूद थे.

**आयोजन** | **एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रदेश में 10 हजार स्मार्ट क्लास शुरू करने की घोषणा**

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया पौधरोपण



नवभारत न्यूज

**विदिशा. जिले में 19 मार्च से 30 जून तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन मंगलवार को अटल पार्क में आयोजित समारोह के साथ हुआ. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम का पौधा लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया. इस दौरान उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन नहीं, बल्कि एक विराम है और इसे अगले वर्ष और अधिक व्यापक रूप में फिर शुरू किया जाएगा.**

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए कहा कि प्रदेशभर में जल स्रोतों के संरक्षण, प्राचीन जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नए तालाबों के निर्माण जैसे कार्य व्यापक स्तर पर किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने जल संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है और यह अभियान जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है.स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि एक जुलाई से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में सभी विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी. उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें, साइकिल, यूनिफॉर्म सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. साथ ही प्रदेश में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार स्मार्ट क्लास शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके.कार्यक्रम के दौरान मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अटल पार्क में आम का पौधा लगाकर नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए.जल गंगा संवर्धन अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों को मंत्री ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया.










